# बुला रहा श्याम सावरिया रे | BY Ashu Verma

मतवारे कारे कारे
नैनो पे हम दिल हारे
करनी है जिनकी सेवादारी रे
खुशियों का अमृत बरसे
खाटू वाले के दर पे
जाने की कर ले हम तैयारी रे
हम रंगे तुम रंगे श्याम के रंग में रंगे
हम रंगे तुम रंगे श्याम के रंग में रंगे
चलो चलें चलो चलें खाटू नगरिया रे
बुला रहा बुला रहा श्याम सांवरिया रे

दिल से जुडी बातें सभी
श्याम धणी से हमें कहना भी है
मस्त मगन बोले ये मन
श्याम शरण में हमें रहना भी है
श्याम रंग में जो भी रंगा
खुशहाल हुआ मशहूर हुआ
रास्ते का पत्थर जो उसके
दर पे छुआ तो कोहिनूर हुआ
हम चलें हम चलें खाटू नगरी चले
हम चलें हम चलें खाटू धाम को चले
चलो चलें चलो चलें खाटू नगरिया रे
बुला रहा बुला रहा श्याम सांवरिया रे

चिंता फिकर सब छोड़ कर
हम सब बाबा से मिलने आगे बढे
निश्छल जिसे ढूंढें नज़र
चल खाटू चलके उसके दर्शन करें
क्या हुआ था कल कैसे होगा कल
सोचने में क्या रखा है
सांवरे पे करके भरोसा चल
आने वाला पल अच्छा है
हम बंधे हम बंधे ऐसे बंधन में बंधे
हम बंधे हम बंधे ऐसे बंधन में बंधे
चलो चलें चलो चलें खाटू नगरिया रे
बुला रहा बुला रहा श्याम सांवरिया रे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ac%e0%a5%81%e0%a4%b2%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-a/